कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित,
सामान्य वनमण्डल, महासमुन्द (छ.ग.)
फोन-07723-223831,Email - mdjumsd@gmail.com

क्रमांक / 2432 महासमुन्द, दिनांक 19/08/2025

प्रति,

जनसंपर्क अधिकारी
जिला– महासमुन्द (छ.ग.)

विषय :– विज्ञापन प्रकाशन करने बाबत् ।

—::—

उपरोक्त विषयांतर्गतलेख है कि जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुन्द अंतर्गत आने वाले प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति सिंघरूपाली, चिरको, आमाकोनी, मुनगासेर, गढफूलझर एवं जेवरा में रिक्त प्रबंधक पद की भर्ती हेतु महासमुन्द जिला के अंतर्गत सर्वाधिक प्रसारित एक स्थानीय समाचार पत्र के स्थानीय संस्करण समाचार पत्र में प्रकाशन दिनांक 23/08/2025 तक एक बार प्रकाशन करने का कष्ट करें ।

संलग्न :– विज्ञापन प्रारूप की प्रति ।

प्रबंध संचालक
जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित
सामान्य वनमण्डल, महासमुन्द

पृ.क्रमांक / 2433 महासमुन्द, दिनांक 19/08/2025

प्रतिलिपि :–

1. **प्रबंध संचालक,** छ.ग.राज्य लघु वनोपज (व्यापार / विकास) सहकारी संघ मर्यादित रायपुर की ओर उनके पत्र पृ.कमांक / वनो. / सह. / 2016 / 01 अ दिनांक 19.05.2016 एवं पत्र कमांक / MFP14/2/बीमा / 2021 / 14632 नवा रायपुर, दिनांक 16 / 12 / 2021 के संदर्भ में सूचनार्थ सम्प्रेषित कर लेख है कि प्रबंधक भर्ती विज्ञापन प्रारूप एवं निर्धारित आर्हताएं एवं चयन प्रकिया का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर के वेबसाइट https://www.cgmfpfed.org में Upload करने का कष्ट करें ।
2. **मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक,** रायपुर वृत्त रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।
3. **जिला सूचना एवं प्रौद्योगिक अधिकारी,** जिला महासमुन्द की ओर सूचनार्थ प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त विज्ञापन को कलेक्टर जिला महासमुन्द के वेबसाईट www.mahasamund.gov.in में प्रकाशन करने का कष्ट करें ।
4. **अध्यक्ष / प्रभारी समिति प्रबंधक,** प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति सिंघरूपाली, चिरको, आमाकोनी, मुनगोसेर, गढफूलझर एवं जेवरा को सूचनार्थ । प्रबंधक भर्ती हेतु जारी विज्ञापन प्रारूप की प्रति संलग्न है । समिति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर पंचनामा एवं फोटोग्राफ सहित इस कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रेषित करें ।

प्रबंध संचालक
जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित
सामान्य वनमण्डल, महासमुन्द

D:\PMishra\Establishment\Prabandhak Bharti/Letter & order

# कार्यालय प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित,
## सामान्य वनमण्डल, महासमुन्द (छ.ग.)

फोन - 07723-223831, Email - mdjumsd@gmail.com

क्रमांक / स्था. / प्रबंधक / भर्ती 2025 / 2436 महासमुन्द, दिनांक 19/08/2025

–:: विज्ञापन ::–

जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुन्द प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों में प्रबंधकों के रिक्त पद की भर्ती करने के लिए निर्धारित सेवा शर्तों, अर्हता एवं योग्यता रखने वाले उम्मीद्वारों से दिनांक 19/9/25 समय 5:00 बजे तक कार्यालय प्रबंधक संचालक जिला, वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुन्द (छ.ग.) के नाम से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया जाता है । आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से अथवा ई–मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेगें । निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा ।

| क्र. | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति का नाम | पदनाम | कुल रिक्त पद | वर्ग | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के कार्यक्षेत्र में आने वाले तेन्दूपत्ता फड़ों में आने वाले ग्राम का निवासी से आवेदन प्राप्त होना है । | कार्यालय जहां आवेदन पत्र प्रेषित किया जाना है । |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चिरको | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | चिरको, दर्रीपाली, जोरातराई, सरेकेल, अमोरा, बरेकेल, बनपचरी, तोरला, सिनोधा, तेन्दूवाही | प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.) |
| 2 | सिंघरूपाली | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | जम्हर, राजाडेरा, सिंघरूपाली, डूमरपाली, सिंघूपाली, झलप, कुर्रूभाठा, रामपुर, गोड़बहाल | |
| 3 | मुनगासेर | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | मुनगासेर, खुड़मुड़ी, छुईहा, बोड़रीदादर, खाड़ादरहा, चारभाठा, फिरगी, बांसकांटी, सालडबरी, सोहागपुर, छिबर्रा, नरतोरी, रेवा, डोंगरगांव, तुबकबोरा, मोंगरापाली | |
| 4 | आमाकोनी | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | आमाकोनी, कोकनाझर, खम्हरिया, बहियाडीह, छिन्दौली, चोरभट्ठी, डूमरडीह, बोड़राबांध | |
| 5 | गढ़फूलझर | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | गढ़फूलझर, आमापाली, कुरचुण्डी, साल्हेरिया, कटेल, चमराडिपा, कुदारीबाहरा, अखराभांठा, रानीसागर | |
| 6 | जेवरा | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | जेवरा, केरामुड़ा, गणेशपुर, इंदरपुर, जैतपुर | |

1. आवेदन पत्र प्राप्ति करने की अंतिम तिथि 19/09/2025 शाम 5 बजे के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होगा ।
2. पोस्ट/डाक कार्यालय द्वारा आवेदन विलंब से प्रेषित करने की स्थिति में इस कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगा ।
3. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताएं आयु सीमा, अन्य अर्हताएं, चयन प्रकिया तथा वेतन भत्ते संबंधित जानकारी कार्यालयी जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित महासमुन्द वनमण्डल महासमुन्द/संबंधित प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति चिरको, सिंघरूपाली, मुनगासेर, आमाकोनी, गढ़फूलझर एवं जेवरा कार्यालय के सूचना पटल एवं छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित रायपुर के वेबसाइट www.cgmfpfed.org एवं कलेक्टर जिला महासमुन्द के वेबसाइट mahasamund.gov.in पर देखा जा सकता है ।

प्रबंध संचालक
जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित
सामान्य वनमण्डल, महासमुन्द

D:\PMishra\Establishment\Prabandhak Bharti/Letter & order

## प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति में प्रबंधक पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हता एवं चयन प्रकिया निम्नानुसार है :–

(अ) नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताएं :–

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण होगी ।
2. अभ्यर्थी का संस्था (समिति) क्षेत्र का निवासी एवं तेन्दूपत्ता संग्राहक होना अनिवार्य होगा । (यदि आवेदक समिति क्षेत्र का बाहर का निवासी है एवं पत्ता उक्त समिति क्षेत्र में संग्रहण किया जाता है तो अपात्र किया जावेगा)
3. यह आवश्यक होगा कि अभ्यर्थी संस्था (समिति) क्षेत्र के ऐसे संग्राहक परिवार से हो, जिसने नियुक्ति के पूर्व पांच वर्ष में से कम से कम तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 500 (पांच सौ) गड्डी तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य किया हो आवेदन के साथ तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्ड एवं संग्रहण पारिश्रमिक प्राप्त हुये बैंक खाता के स्टेटमेंट की स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
4. अभ्यर्थी को मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर डिग्री होना अनिवार्य है मान्यता प्राप्त संस्था निम्नानुसार रहेगें –
   (अ) मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. से कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट व्यवसाय में एक वर्षीय डिप्लोमा / सर्टिफिकेट ।
   (ब) मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन / राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर सांईस / इन्फारमेंशन टेक्नालॉजी / माडर्न आफिस मेनेजमेंट का डिप्लोमा (2 वर्ष से अन्यून)
   (स) वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / डिम्ड युनिवर्सिटी / इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय / भोज विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त कम्प्यूटर सांईस / इन्फारमेंशन टेक्नालॉजी / कम्प्यूटर एप्लीकेशन में एक वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा, स्नातक / स्नातकोत्तर उपाधि ।
   (द) DOEACC सोसाईटी, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त विभिन्न डिप्लोमा
   (ई) कम्प्यूटर विषय में मान्य प्राप्त संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा (DCA)
5. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएं विज्ञापन के अंतिम तिथि या उसके पूर्व का होना अनिवार्य है । अंतिम तिथि के बाद जारी कोई भी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा ।
6. शासकीय अर्ध्दशासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक को नियोक्ता से अनापत्ति प्राप्त करना अनिवार्य होगा । मूल प्रमाण पत्रों की जॉच के समय नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
7. आवेदन पत्र में आवेदक का फोटो एवं सूचीबध्द किये गये समस्त प्रमाण पत्र व दस्तावेजों की स्पष्ट एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है । समस्त सूचीबध्द प्रमाण पत्र एवं दस्तावेजों की संलग्न न होने अथवा उक्त दस्तावेजों के स्व प्रमाणित न होने एवं आवेदन अपूर्ण होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा ।
8. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं इस संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी संघ मर्या.
सामान्य वनमण्डल, महासमुन्द

D:\PMishra\Establishment\Prabandhak Bharti/Letter & order

9. यदि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति प्रकिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करता है या प्रभावित करने का प्रयास करता है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जावेगी ।
10. भर्ती प्रकिया के संबंध में किसी भी विवाद एवं समस्या पर प्रबंध संचालक, जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित पदेन सहायक पंजीयक महासमुन्द का निर्णय अंतिम होगा ।

(ब) आयु सीमा –

चयन में स्पर्धा करने हेतु पात्र होने के लिये अभ्यर्थी को निम्नलिखित आयु पुरी करनी होगी अर्थात् –

1. 01 जनवरी 2025 को आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम अथवा 35 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए ।
2. यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्गों (गैर क्रीमीलेयर) का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 (पांच) वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।
3. छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विश उपबंध) नियम 1997 के प्रावधानों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 (दस) वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।
4. छत्तीसगढ़ राज्य के भूतपूर्व सैनिक, अजजा/अजा तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजन के अधीन पुरस्कार प्राप्त एवं स्वयंसेवी नगर सैनिकों को छ.ग.शासन के नियमानुसार आयु में शिथिलता प्रदान की जावेगी ।
5. उपरोक्त उल्लेखित किसी एक या एक से अधिक संवर्गो के अधीन आयु में छुट दिये जाने के उपरांत भी संघ के सेवा हेतु पात्र होने के लिये अधिकतम आयु किसी भी दशा में 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(स) अन्य अर्हतायें :–

1. मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हो ।
2. अन्य किसी भी सेवा नियोजन का गबनशुदा न हो, आर्थिक अथवा अन्य किसी अपराध के लिये कार्यवाही जारी/पंजीकृत न हो, किसी न्यायालय से सजायापता न हो ।
3. छ.ग.सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 के प्रावधानों के अंतर्गत जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित/प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के संचालक मण्डल का परिभाषित संबंधी न हो ।

(द) चयन प्रकिया :–

1. प्रबंधक पद चयन किये जाने हेतु 125 अंक निर्धारित किये जाते है, जो अभ्यर्थी की योग्यता के आधार पर निम्नानुसार प्रदान किये जायेंगे :–

प्रबंध संचालक
जिला वनोपज सहकारी संघ मर्या.
सामान्य वनमण्डल, महासमुन्द

(क) 10+2 हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कुल प्राप्तांक प्रतिशत के बराबर अंक प्रदान किये जायेंगे (अधिकतम 100 अंक) । उदाहरणार्थ – यदि किसी आवेदक को हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 75.05 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये है तो उसे 75.05 अंक दिये जायेंगे)

(ख) स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंको के अनुपात में 1/5 अंक दिये जायेंगे अधिकतम– 20 अंक) (उदाहरणार्थ – 70 प्रतिशत प्राप्तांक को 14 अंक दिये जायेंगे)

(ग) छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त किसी संस्था से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में प्राप्त सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा/ डिग्री हेतु अधिकतम 5 अंक दिये जायेंगे। सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा हेतु 3 अंक एवं उच्चतर डिग्री हेतु 5 अंक दिये जायेंगे ।

**(इ) नियुक्ति हेतु प्रकिया :–**

1. चयनित अभ्यर्थी को अपना मूल दस्तावेजों को चयन समिति के पास प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।
2. कार्य पर उपस्थित होने के पूर्व प्रबंधक पद के लिये चयनित अभ्यर्थी का पुलिस से सत्यापन अनिवार्य होगा ।
3. चयनित अभ्यर्थी को चिकित्सा जांच (शासकीय चिकित्सालय) के मापदंडो में स्वस्थ पाया जाना अनिवार्य होगा इस हेतु अभ्यर्थी को जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।
4. नियुक्ति के पूर्व अभ्यर्थी को प्रत्याभूति के रूप में रूपये 10,000/– (रूपये दस हजार रूपये मात्र) नगद अथवा सावधि जमा अथवा सालवेन्सी के रूप में संस्था में जमा करना होगा ।
5. चयनित अभ्यर्थी एक वर्ष की अवधि तक परिवीक्षा पर कार्यरत रहेगा ।

**(फ) वेतन :–**

प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधको को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित रायपुर द्वारा निर्धारित वेतन देय होगा ।

**(ग) यात्रा भत्ता :–**

प्रबंधको को संघ द्वारा स्वीकृत दरों पर यात्रा भत्ता देय होगा ।

प्रबंध संचालक,
जिला वनोपज सहकारी यूनि. मर्या.
महासमुंद वनमण्डल, महासमुन्द

D:\PMishra\Establishment\Prabandhak Bharti/Letter & order

# आवेदन पत्र का प्रारूप

स्व प्रमाणित फोटो

प्रति,

**प्रबंध संचालक**
जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित
महासमुन्द

अ. आवेदित पदनाम :- ...............................................................

ब. समिति का नाम :- ...............................................................

1. आवेदक का नाम ...............................................................
2. पिता/पति का नाम ...............................................................
3. जन्म तिथि (अंको में) ...............................................................
   (शब्दों में) ...............................................................
4. दिनांक 01/01/2025 की स्थिति में आयु .............. वर्ष ............ माह..........दिन
5. जाति वर्ग (अना./अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.वर्ग) ...............................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र की सत्यापति छायाप्रति संलग्न करें)
6. स्थायी पता ...............................................................
   ...............................................................
7. डाक व्यवहार का वर्तमान पता ...............................................................
   ...............................................................
   ...............................................................

   मोबाईल नं. ...............................................................
8. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है ...............................................
   (हां/नहीं) यदि हां तो प्रमाण पत्र की सत्यापति छायाप्रति संलग्न करें)
9. लिंग (महिला/पुरूष) ...............................................................
10. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि ...............................................
11. जीवित बच्चों की संख्या ...............................................................
12. रोजगार कार्यालय का नाम ...............................................................
    जीवित पंजीयन क्रमांक/दिनांक ...............................................................

13. शैक्षणिक योग्यता का विवरण ..............................................................................

| क्रं. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/वि.वि. /संस्था का नाम | कुल प्राप्तांक | श्रेणी | प्राप्तांको का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10वीं | | | | | |
| 2 | 12वीं | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | |
| 4 | कम्प्यूटर | | | | | |

(प्रमाण-पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

14. यदि अभ्यर्थी के विरूध्द दाण्डिक प्रकरण किसी ..............................................................

पुलिस थाना/न्यायालय में लंबित है अथवा न्यायालय से निराकृत हो चुका है? यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक तथा निर्णय आदि की जानकारी का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें ।

15. यदि पूर्व से किसी संस्था में कार्यरत हो, तो अनापत्ति प्रमाण पत्र क्रमांक........दिनांक .....

16. तेन्दूपत्ता संग्रहण की वर्षवार जानकारी

| वर्ष 2021 | | वर्ष 2022 | | वर्ष 2023 | | वर्ष 2024 | | वर्ष 2025 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या | संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या | संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या | संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या | संग्रहण कार्ड क्र. | संग्रहित गड्डी संख्या |
| | | | | | | | | | |

(संग्रहण कार्ड एवं संग्रहण पारिश्रमिक भुगतान प्राप्त बैंक स्टेटमेंट की स्पष्ट सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | |
| 2 | | 7 | |
| 3 | | 8 | |
| 4 | | 9 | |
| 5 | | 10 | |

आवेदक के हस्ताक्षर

## घोषणा-पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूं कि मैंने विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी शर्तों को पढ़ लिया है। इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है, कोई भी जानकारी असत्य या अपूर्ण होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के दौरान भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी। जिसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

दिनांक .....................

स्थान .....................

**आवेदक के हस्ताक्षर**